# अभद्र टिप्पणी पर फूटा ब्राह्मण समाज का गुस्सा

**शहर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन**

**मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन, तहसीलदार को सौंपा**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 26 नवम्बर, अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा अपने भाषण में ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करने से पूरे प्रदेश भर में बवाल खड़ा हो गया है. इसी विषय अंतर्गत बुधवार को गंज बासौदा में भी ब्राह्मण समाज एवं शहर के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन, तहसीलदार को सौंपा.**

ब्राह्मण समाज के सैंकड़ों लोगों ने शहर थाना पहुंचकर संतोष वर्मा पर प्रदेश की शांति व्यवस्था भंग करने एवं जन भावनाओं को आहत करने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की.

ज्ञात हो कि 23 नवंबर को भोपाल में अजाक्स का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित किया गया था. जिसमें प्रांत अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते समय आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने अपने भाषण में कहा कि मेरे परिवार को आरक्षण का लाभ तब तक मिलना चाहिए, जब तक कोई ब्राह्मण, मेरे लड़के को अपनी बेटी की दान ना कर दे अथवा उससे संबंध ना बना लें. ब्राह्मण समाज की बेटियों पर आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा की टिप्पणी के बाद से ही पूरे प्रदेश भर में इस बयान की निंदा हो रही है. बुधवार को ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में सैकड़ो लोग एक रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं वहां उपस्थित तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में प्रमुखता से कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन के अधीन कार्यरत एक विकृत एवं कुंठित मानसिकता से ग्रस्त आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर अत्यंत ही अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है.

शासकीय पद पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा की गई इस प्रकार की टिप्पणी से संपूर्ण भारत के प्रबुद्ध नागरिक एवं ब्राह्मण समाज क्षुब्द एवं आक्रोशित है.एक संवैधानिक एवं जिम्मेदार पद पर बैठे हुए अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज को निशाना बनाकर, हमारे मान- सम्मान मर्यादा एवं परिवारों पर सीधा हमला किया गया है. जो कि अक्षम्य है.संतोष वर्मा के इस कृत्य से देश एवं प्रदेश की शांति व्यवस्था सद्भावना पर भी कुठाराघात हुआ है. ऐसी कृत्यों से समाज की शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है.ब्राह्मण समाज की उपस्थिति लोगों ने यह मांग भी की है कि संतोष वर्मा जैसे कुंठित एवं विकृत मानसिकता वाले शासकीय अधिकारी के विरुद्ध तुरंत कठोर कार्यवाही की जाए.

> अजाक्स प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर विप्रजन आक्रोशित हो गये. इस दौरान सिरोंज में भी सर्व ब्राह्मण महापंचायत सिरोंज के तत्वाधान में ब्राह्मणों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी से संपूर्ण देश के ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है. जिम्मेदार पद पर बैठे हुये इस आईएएस अधिकारी द्वारा इस प्रकार की टिप्पणी कुण्ठित मानसिकता को दर्शाती है. तथा इनकी टिप्पणी से पूरे ब्राह्मण समाज को आघात पहुंचा है.

## कांग्रेस की जिला समन्वयक समिति की बैठक आयोजित

**विदिशा,** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी जिला विदिशा द्वारा बंदन मैरिज गार्डन में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला कांग्रेस प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी, पूर्व विधायक पानबाई पंथी, रानी अहिरवार, गगनेंद्र सिंह रघुवंशी, सुभाष बोहत, प्रदेश सचिव मनोज कपूर, विकास शर्मा, अजय दांतरे, विनोद कुमार सेन, सुरेंद्र रघुवंशी, सीमा अहिरवार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी,गोविंद भार्गव, अंसार मंसूरी,पर्वत सिंह गोड़, आशीष माहेश्वरी, नवनीत सिंह कुशवाहा सहित सभी समन्वय समिति के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया.



# प्राचार्य ने नहीं लिया ज्ञापन तो भड़के एनएसयूआई कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज

**गुना 26 नव. का। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं का गुस्सा शिक्षण व्यवस्था की कथित अनियमितताओं और प्राचार्य के रवैये के खिलाफ भडक उठा। संगठन के पदाधिकारी यूजी की विभिन्न कक्षाओं को नियमित करने, शिक्षकों की मनमानी पर रोक लगाने और परिसर की सफाई सहित पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन देने प्राचार्य के पास पहुँचे थे। इस दौरान घंटों इंतजार करने के बाद भी प्राचार्य बीके तिवारी द्वारा ज्ञापन लेने नहीं आने से नाराज छात्र नेताओं ने प्राचार्य कक्ष के बाहर ही धरना दे दिया, जिसके बाद कॉलेज परिसर में जमकर नारेबाजी भी हुई।**

संगठन के जिलाध्यक्ष फलेशुराज सिंह सिसौदिया और विश्वविद्यालय अध्यक्ष शिवम रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने गए थे। लेकिन काफी देर तक प्राचार्य के बाहर नहीं आने से छात्र भडक उठे और उन्होंने तत्काल प्राचार्य कक्ष के ठीक बाहर फर्श पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे कॉलेज प्रशासन में हडकंप मच गया।

छात्रों के बढ़ते विरोध और हंगामे के बीच प्राचार्य बीके तिवारी अंततः मौके पर पहुँचे और उन्होंने छात्रों का ज्ञापन लिया। एनएसयूआई ने अपनी प्रमुख मांगों में बीए, बीएससी और बीकॉम की कक्षाओं को नियमित रूप से लगाने, समय पर कॉलेज नहीं आने वाले प्रोफेसरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने, महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास सफाई और छाया की व्यवस्था करने, छूटी हुई सीसीई परीक्षा दोबारा लेने तथा शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। संगठन ने प्राचार्य से माँग की है कि उल्लिखित माँगों पर जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की जाए।

> विश्वविद्यालय (केटीटीयू) द्वारा आयोजित सप्लीमेंट्री परीक्षाओं में एक बड़ी शैक्षणिक गड़बड़ी सामने आई है। बुधवार, 26 नवंबर को हुए कंप्यूटर के एक विषय की परीक्षा में छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से बाहर का सिलेबस दे दिया गया, जिससे परीक्षा देने आए छात्रों में भारी आक्रोश फैल गया। इस दौरान करीब दो घंटे तक छात्र खाली हाथ ही परीक्षा हॉल में बैठे रहे। बाद में कॉलेज प्रशासन ने ऊपर बात कर छात्रों को जाने दिया। कॉलेज सूत्रों के अनुसार उक्त पेपर जल्द नई तारीख में होगा। बाद में छात्रों ने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। यह गड़बड़ी प्रोग्रामिंग मेथोडोलॉजीज एंड डेटा स्ट्रक्चर नामक ओपन इलेक्टिव विषय के पेपर में हुई।

# रेत-गिट्टी ढो रहे ट्रैक्टर ट्राली

**ट्रैक्टर ट्रालियों से ढोया जा रहा भवन निर्माण का सामान**

**अधिकांश वाहनों के पास नहीं हैं आवश्यक दस्तावेज**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है ।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफहोकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।**

कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय किया जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं रखते है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं।

## दो माह तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**नर्मदापुरम** अपर कलेक्टर जिला नर्मदापुरम श्री राजीव रंजन पाण्डे ने बताया कि उप मुख्य अभियंता, निर्माण प्रथम, प.म.रे., भोपाल के अनुसार, इटारसी के दा पार्क होटल के सामने स्थित ऋह्.क्क 05 की सरफेस मेंटेनेंस का कार्य दो माह तक चलेगा। इस अवधि में शहर में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहनों—बस, ट्रक, डम्पर, ट्रॉला आदि—का पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। रेलवे अधिकारी ने इस कार्य के लिए मार्ग परिवर्तन (डायवर्ट) की व्यवस्था की है। 17 अक्टूबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इटारसी ने रेलवे अधिकारियो के साथ मिलकर संयुक्त निरीक्षण किया और रिपोर्ट सौंपी।



## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फूंका पुतला

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को वीआईटी विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया.**

सिरोंज नगर मंत्री आशीष शर्मा ने बताया की जिस प्रकार से बीते रात वीआईटी विश्वविद्यालय में वहां पढाई कर रहे छात्रों से क्रूरता पूर्वक व्यवहार किया गया है. वह निंदनीय है. विभाग छात्रा प्रमुख वंदना यादव ने बताया की जब छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध किया तो विश्वविधालय प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों के द्वारा बल प्रयोग करते हुये उनके साथ मारपीट की जाती हैं. बीट विश्वविद्यालय द्वारा की जा रही अभद्र घटना निंदनीय है. विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के साथ हो रहे अन्याय एवं दुर्व्यवहार को नहीं सहेगी.

## एक नजर में



### प्रवाह संस्था ने किए श्रद्धा सुमन अर्पित

**सागर.** गौर जयंती पर प्रवाह संस्था के सदस्यों ने मकरोनिया बटालियन रोड स्थित डॉ.गौर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया. इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष रोहित ने बताया कि 25 दिसंबर को डॉ हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि पर भजनांजलि आयोजित किया जाएगा. इसमें ख्यात भजन गायक पद्मश्री भारती बंधु भजनों की प्रस्तुति देंगे, वहीं 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस पर कवि सम्मेलन मुशायरा होगा.इस अवसर पर देवेश नीखरा, तीरथ सिंह, मिहीर गांगुली, राकेश यादव ,मनोज जैन, रामसिंह चौहान, बुंदेल सिंह, अजय मौर्य, मुबीन खान, सूरज वानखेड़े विनय रोहित, सचिन रोहित, राजा रोहित सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.



### जिला न्यायालय में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया. इस मौके पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया. कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, तृतीय जिला न्यायाधीश श्रीमती स्मृतासिंह ठाकुर, द्वितीय जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती विनीता गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राधेश्याम यादव, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती सपना शर्मा आदि उपस्थित थे.

### अधिवक्ता संघ ने मनाया संविधान दिवस

**मुलताई।** नगर के व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चन्द्रशेखर चंदेल ने बताया 26 नवंबर को हमारे देश में संविधान निर्माण समिति द्वारा एक उत्तम संविधान का निर्माण कर हमारे देश को सौंपा गया था,जिसके बाद से पूरा देश 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाता है। जिसके चलते बुधवार को अधिवक्ता संघ के सभाकक्ष में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजय पाटिल, न्यायाधीश संजय भलावी, व्यवहार न्यायाधीश अभिजीत वास्कले, न्यायाधीश संगीता डाबर, न्यायाधीश श्वेता गौतम एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष चंद्रशेखर चंदेल सहित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हमारे देश के संविधान पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रजवलित कर किया गया।

### सम्मान समारोह आयोजित

छापीहेड़ा 26 नवंबर, सं. विद्याभारती मध्यभारत प्रांत द्वारा संचालित सरस्वती शिशु /विद्या मंदिर में आज सम्मान समारोह आयोजित किया गया .जिसमे केशव बाल कल्याण समिति के सचिव श्रीराम नागर,दिनेश चौधरी समिति सदस्य एवं प्राचार्य सुभाष दांगी द्वारा हमारे पूर्व छात्र भैया सुनील दांगी नाटाराम से,भैया गुरुप्रसाद दांगी केसरपुरा से, भैया विनोद वर्मा नांदनी से,और भैया हेमंत कुशवाह छापीहेड़ा से,सभी भैयाओ को अग्नि वीर में चयनित होने पर विद्यालय में भैयाओ को पुष्पमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव कथन में कहा कि उनको लक्ष्य हासिल करने में विद्यालय के अनुशासन ने उनकी मदद की.

# संविधान दिवस पर हुआ आयोजन

महाविद्यालय, न्यायालय में संविधान पर बोले वक्ता

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 26 नवम्बर, का. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान मैं भारतीय संविधान दिवस का आयोजन किया. जिसमें संस्था प्रमुख डॉ. खरे द्वारा विद्यार्थियों को संविधान दिवस की बधाइयां दी गई.**

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा संविधान के अर्थ एवं उसकी परिभाषा को बताया. साथ ही भारतीय संविधान की आत्मा कहलाने वाली प्रस्तावना का वाचन समस्त शैक्षणिक स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया. इस अवसर पर डॉ. सोहन कुमार शर्मा द्वारा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रा देवली कक्षा बी ए तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान एवं पूजा वर्मा बीए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. स्लोगन प्रतियोगिता में छात्र देवली ने प्रथम स्थान एवं छात्रा लव कुश कक्षा बी ए प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता साहू व आभार डॉ. रानू खरेलिया ने व्यक्त किया.

स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में भारतीय संविधान स्थापना दिवस मनाया गया. महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाओं पर और मां सरस्वती एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया.

# चंद मिनटों में 30 लाख के जेवरात चुराकर हुए फरार

160 से ज्यादा लोगों से की पूछताछ तब जाकर मिले आरेपियों के सुराग



नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 नवम्बर, विगत दिनों एसएटीआई कालेज के सामने सिविल लाइन रोड पर सूने आवास का ताला तोड़कर करीब 30 लाख के जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया था. जिस पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी.**

इस मामले में पुलिस ने शहर समेत आसपास के करीब 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले थे और 150 से लोगों से पूछताछ की थी जिसमें पुलिस को कई अहम सुराग मिले थे जिसके आसपर पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमें आरोपियों ने चोरी करने की बात कुबूल की और उनके पास से करीब 30.60 लाख की ज्वेलरी व नकदी बरामद की है. बुधवार को एसपी रोहित काशवानी ने मामले का खुलासा किया है.

पुलिस इन आरोपियों को किया गिरफ्तार जिनमें प्रवीण लांजीवर, निवासी बैतूल, सतीश परमार, निवासी रायसेन, मोहम्मद काशिफ, निवासी छिंदवाड़ा, प्रांजल चौहान, निवासी रायसेन सभी आरोपियों के खिलाफ पहलेभी कई जिलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं.

> पुलिस की जांच के दौरान पुलिस ने करीब 200 फिंगरप्रिंट वीडियो फुटेज खंगाले, 160 से अधिक लोगों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर गिरोह की लोकेशन व पहचान सुनिश्चित की. फिंगरप्रिंट नेफीस, सोशल मीडिया इनपुट, मुखबिर सूचना और मैदानी तलाश के आधार पर पुलिस ने प्रदेश के अलग अलग जिले में रहने वाले4 आरोपियों को दबोचा 20 नबंवर को शेरपुरा मेन रोड स्थित राजेंद्र श्रीवास्तव जो किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए रिश्तेदार के यहां गए थे और मकान पर ताला लगाकर गए थे .

# पटवारी से मारपीट करने वाले की हो गिरफ्तारी

कहा तीन दिन में गिरफ्तार नहीं तो होगा आंदोलन

नवभारत न्यूज

**मुंगावली। मध्य प्रदेश पटवारी संघ इकाई मुंगावली द्वारा बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार सोनम शर्मा को सौंपा गया। ज्ञापन में ग्राम टीला में हल्का पटवारी के साथ हुई घटना के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई।**



पटवारी संघ ने बताया कि 24 नवंबर 2025 को प्रातः 9 बजे ग्राम टीला में पटवारी ईश्वरचंद्र जाटव पर हमला किया गया था। घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आज दिनांक तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे आरोपी का मनोबल बढ़ता जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पटवारी संघ ने तीन दिवस के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। संघ का कहना है कि यदि तीन दिन में आरोपी गिरफ्तार नहीं हुआ तो पटवारी संघ 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2025 तक सामूहिक अवकाश पर रहेगा।

## आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं की सूची जारी

**टीकमगढ़।** जिला स्तरीय दावा,आपत्ति निराकरण समिति बैठक के निर्णय अनुसार खण्डस्तरीय चयन समिति द्वारा जारी अनंतिम सूची पर प्राप्त दावे, आपत्तियों की सुनवाई पश्चात 3 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 28 आंगनवाड़ी सहायिकाओं की अंतिम सूची जारी की गयी है। आंगनवाड़ी केन्द्रों की अंतिम मैरिट सूची आमजनों के लिये एमपी ऑनलाईन के चयन पोर्टल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। अंतिम चयन प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में चयनित नहीं होने वाले आवेदकों के द्वारा प्रथम अपील पोर्टल पर सूची प्रकाशन की दिनांक के 10 दिवस के अंदर कलेक्टर न्यायालय में एवं प्रथम अपील से भी संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील संभागायुक्त न्यायालय में की जा सकेगी।



# रक्तदान शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 26 नवम्बर. रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में मेगा रक्तदान शिविर का शुभारंभ सांसद लता वानखेड़े ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह व महापौर श्रीमती संगीता तिवारी की उपस्थिति में किया.**

द्वितीय दिवस रक्तदानियों की संख्या और बढ़ गई, शिविर के दो दिनों में कुल 274 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है. युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 27 नवंबर को शिविर का समापन है. शिविर में डॉ. सुशील तिवारी, शैलेन्द्र ठाकुर, सोमेश जडिया, संतोष दुबे, अनुराग प्यासी मौजूद रहे.

**सुविधा** नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिए

# शहर को गंदे पानी से मिलेगी मुक्ति, 101 करोड़ से बनेगा सीवरेज नेटवर्क

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 25 नवंबर. शहर को गंदे पानी और खुले नालों की समस्या से स्थायी राहत दिलाने नगरपालिका ने तैयारी शुरू कर दी है।**



नगरीय प्रशासन से डीपीआर को सशर्त मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिए हैं। टेंडर खुलने प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अमृत-2 योजना के तहत बैतूल में 101 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन का काम होना है। जिसके लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के सभी वार्डो में सीजरेज अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जायेगी और अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जायेगा। जिससे घरों से निकालने वाले निस्तार के गंदे पानी को रिसाइकिल कर दोबारा से उपयोग में लाया जायेगा। दरअसल शहर के 33 वार्डों में गंदे और निस्तारी के पानी की निकासी के लिए नालियों के निर्माण में काफी पैसा खर्च होता है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां नालियाँ ना होने या टूट फुट हो जाने से रहवासियों को मुसीबतें झेलना पडता है। ज्यादा परेशानी, नालियों के खुले रहने से उठानी पड़ती है।

नालियां खुली होने से नालियों में कचरा तो एकत्रित होता ही है, साथ ही नालियों के जाम होने और गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में सीवरेज लाइन निर्माण के प्रोजेक्ट से नागरिकों को खुली नालियों से मुक्ति और शहर की जनता को गंदगी आदि से निजात मिल सकेगी। साथ ही स्वच्छ वातावरण भी मिल पायेगा।

> अमृत-2 योजना के तहत शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने डीपीआर को शासन से मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर कॉल कर दिए हैं। एक महीने बाद टेंडर खोले जाएंगे। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।
>
> **- सतीश मटसेनिया,**
> सीएमओ नगपालिका बैतूल

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**झाडला 26 नवंबर, सं.** विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पचायत झाइला में किया जा रहा है. ग्राम पंचायत भवन बस स्टैण्ड पर सोजन्य से. देवीप्रसाद देरवाल,डॉ. एम.एस. चन्द्रावत, सचिव मनोहर लाल, डॉ. तृपति सिंह (महिला रोग विशेषज्ञ) डॉ. पीयूष जैन (मधुमेह रोग विशरोग ) उपस्थित रहेंगे. शिविर 28 नवम्बर 2025, दिन शुक्रवार समय सुबह 11 बजे से शाम 4 तक रहेगा. शिविर में दवाई और ईसीजी सुविधा फ्री रहेगी.